**समाचार**

# मोबाईल मेडिकल यूनिटों में जांच व इलाज की बेहतर सुविधाएं निर्वाध रूप से बनी रहे, यह सुनिश्चित करें – आयुक्त

## (आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने मोबाईल मेडिकल यूनिट का किया औचक निरीक्षण, यूनिट की व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता का लिया जायजा, बेहतर सेवाओं हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश)

कोरबा 27 मई 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत निगम क्षेत्र में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिटों में जांच व इलाज की बेहतर सुविधाएं निर्वाध रूप से बनी रहे, जांच व इलाज कराने आए लोगों की समुचित जांच व उनका उचित इलाज हो, यथा संभव उन्हें सभी दवाईयॉ शिविर में ही उपलब्ध कराई जाए, यूनिट में दवाईयों की उपलब्धता बनी रहे, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि वार्डो में लगने वाले कैम्प निर्धारित समय में लगे, कैम्प की पूर्व सूचना लोगों को दी जाए, इस हेतु आवश्यक कदम उठाएं।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने आज मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा उक्ताशय के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहॉ उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित हैं, जो निर्धारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्ड व बस्तियों में पहुंचकर मेडिकल कैम्प लगाती हैं तथा इन कैम्पों के माध्यम से नागरिकों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों व स्वास्थ्य समस्याओं का मुफ्त इलाज किया जाता है। आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने वार्ड क्र. 01 रामसागरपारा पहुंचकर वहॉ पर संचालित किए जा रहे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया, उन्होने यूनिट में

स्थापित लैब, डॉक्टर कक्ष, ओ.पी.डी. आदि का अवलोकन करते हुए रिकार्ड पंजी व यूनिट की अन्य व्यवस्थाओं का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने यूनिट में पदस्थ डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टाफ से चर्चा की, दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा निर्देशित करते हुए कहा कि यूनिट में इलाज कराने के लिए आने वाले नागरिकों से सम्मानजनक व्यवहार करते हुए उनकी समुचित जांच व स्वास्थ्य संबंधी तकलीफों का उचित इलाज करें, उन्हें आवश्यक दवाईयॉ कैम्प ही निःशुल्क उपलब्ध कराई जाए, इस पर विशेष ध्यान दें।

**योजना का पूर्ण लाभ लोगों को मिले, हमारी जिम्मेदारी** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शासन की अतिमहत्वपूर्ण व जनकल्याणकारी योजना है, यह योजना नागरिकों विशेषकर श्रमिक वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की बीमारियों की निःशुल्क जांच व उनका निःशुल्क इलाज उनके घर पहुंचकर करने के लिए क्रियान्वित की गई हैं, इस महत्वपूर्ण योजना का निरंतर रूप से सफल संचालन हों, योजना का पूरा लाभ नागरिकों को मिले, यह हमारी जिम्मेदारी है अतः मोबाईल मेडिकल यूनिट में इलाज हेतु पहुंचने वाले लोगों को बेहतर सेवाएं दी जाए, इनमें किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

**अब तक 02 लाख 75 हजार व्यक्ति लाभान्वित** –नगर पालिक निगम कोरबा में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का क्रियान्वयन 06 नवम्बर 2020 को किया गया था, निगम क्षेत्र में वर्तमान में 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट संचालित हैं, जिनके माध्यम से वार्डो में चलित मेडिकल कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्ड व बस्तियों में अभी तक 3432 शिविर लगाए जा चुके हैं तथा इन शिविरों के माध्यम से 02 लाख 75 हजार व्यक्तियों का निःशुल्क जांच व इलाज कर उन्हें योजना से लाभान्वित किया जा चुका है।

**28 मई को इन वार्डो में लगेंगे शिविर –** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मई शनिवार को वार्ड क्र. 03 राताखार, वार्ड क्र. 17 पथर्रीपारा, वार्ड क्र. 26 मुड़ापार, वार्ड क्र. 39 कैलाशनगर, वार्ड क्र. 45 उड़िया बस्ती, वार्ड क्र. 50 अयोध्यापुरी, वार्ड क्र. 60 गेवरा बस्ती एवं वार्ड क्र. 67 गजरा बस्ती में मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर लगाए जाएंगे, जहॉ पर नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की निःशुल्क जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जाएगा।